सार-समाचार

ग्रामीणों ने लगाए अवैध वसूली के आरोप

कोटा, (निसं)। दीगोद क्षेत्र के मूंडला गांव में हेड कांस्टेबल खेमसिंह द्वारा पटाखों के पैसे ना देने एवं अवैध वसूली की शिकायत पर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर को फोन कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर बुधवार को दीगोद क्षेत्र में दिवाली की रामाश्यामी करने पहुंचे थे। इसी दौरान मूंडला गांव में जाने पर उनसे दुकानदारों और पटाखा विक्रेता ने पुलिस द्वारा परेशान करने का आरोप लगाया। पटाखा विक्रेता ने बताया कि हेड कांस्टेबल खेम सिंह ने 7000 के पटाखे लिए और बदले में केवल 1000 रुपए दिऐं। उन्होंने कहा कि पैसे मांगने पर लाईसेंस निरस्त करने की धमकी दे रहा था। ऊर्जा मंत्री नागर ने आसपास के दुकानदारों से शिकायत के बारे में जांच की तो एक पानी पतासी वाले ने भी 5000 रुपए की अवैध वसूली का आरोप लगाया। इसके साथ ही अन्य दुकानदारों ने भी पुलिस पर परेशान के आरोप लगाए। इसके बाद ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने ग्रामीण एसपी सूजीत शंकर को फोन कर पुलिस हेड कांस्टेबल खेमसिंह के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इससे पहले ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर दीगोद क्षेत्र के विभिन्न गांवों में दिवाली की रामाश्यामी करने पहुंचे उन्होंने दुकानदारों से मिलकर स्वदेशी अभियान को गति देने की अपील की। साथ ही कार्यकर्ताओं से दिवाली पर सेवा का संकल्प करने का आह्वान किया। इस दौरान देवपुरा गांव में जाकर शोक संतृप्त परिवारों को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, मंडल अध्यक्ष इंद्र कुमार बंटी खंडेलवाल, मोनू सनाढ्य, महेंद्र सनाढ्य, एलएन शर्मा, राजनीता मेघवाल, जगदीश शर्मा, विशाल गोचर, गिरीश शर्मा, कमल गुर्जर, जगमोहन नागर, सुनील नागर, देवकीनंदन यादव, मुरली प्रजापत, सरोज यादव, पीयूष, लोकेश यादव, महावीर सुमन, रामगोपाल गुर्जर, कमलेश नागर, प्रदीप मेघवंशी, गंगाधर लोधा, कपिल मीणा, बंटी मीणा समेत कईं लोग मौजूद रहे।

मिनी रक्तदान शिविर

झालरापाटन, (निसं)। जो व्यक्ति अपने रक्त से किसी की जान बचाता है, वह वास्तविक नायक है ऐसे ही महानायकों ने जीरापुर निवासी एक महिला के लिए मात्र 5 मिनिट में 5 यूनिट (4 यूनिट रक्त व 1यूनिट प्लेटलेट्स) का दान कर जीवनदान दिया हैं। मंजुश्री संस्थान के जितेंद्र वैष्णव के सूचना आई कि उनके परिचित के परिवार में एक महिला अत्यंत सीरियस है जिसकी प्लेटलेट्स 2000 हजार रह गई था किसी भी वक्त ब्लडिंग शुरू हो सकती हैं, ऐसी में संस्थान के अजय मोमिया से संपर्क कर उन्होंने तहसील की गली में राधे मोबाईल प्वाइंट के ऑनर प्रदीप गुप्ता से बात कर दुकान पर ही ब्लड बैंक की टीम बुलाकर मिनी शिविर की हा कर दी, जिस पर रुधिरा ब्लड बैंक की टीम के रोहित मेहरा ने पहुंचकर रक्त का संग्रह किया, राधे मोबाईल प्वाइंट ऑनर प्रदीप गुप्ता सहित, अरुण अजमेरा, सुंदर खत्री, मयंक पाटनी व झालावाड़ निवासी पंकज गुप्ता में ब्लड बैंक पहुंचकर प्लेटलेट्स डोनेट की।

दिवाली स्नेह मिलन सम्पन्न

कोटा, (निसं)। जेएसके ग्रुप फॉर हैप्पीनेस ने अपने ग्रुप सदस्यों के साथ दिवाली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया। ग्रुप संस्थापक एडवोकेट राज ठाकुर ने बताया कि ग्रुप के सदस्यों ने मिलकर एक-दूजे को बधाईयां दी, दिवाली गेम्स किए और सभी को सरप्राईज रिटर्न गिफ्ट्स दी गई। सलाहकार भागवंती खूबचंदानी ने बताया कि इस अवसर पर सभी ने अपने-अपने तरीके से दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम मे डी.एन. नैनानी, बंसी साधवानी, राम मदनानी, प्रकाश वीर नाथानी, विमल परियानी, अशोक झमटानी, हरिप्रकाश पंजवानी, गिरीश सहजवानी, विनोद अजवानी, राज कुमार खूबचंदानी, रमेश ठाकुर एवं अन्य सदस्य सपत्नीक शामिल हुए।

चार को मिलेगी रौशनी

कोटा, (निसं)। जिस समय पूरा देश, दीपावली के पावन पर्व पर, घर परिवार के सदस्यों के साथ खुशियां मना रहा था उस समय पर, शाईन इंडिया फाउंडेशन कोटा के डॉ.कुलवंत गौड़ घर की लक्ष्मी पूजा छोड़कर कोटा से स्वयं गाड़ी चलाकर पहले रावतभाटा फिर चेचट होते हुए भवानीमंडी नेत्रदान लेने पहुंचे। संस्था के ज्योति मित्र कमलेश दलाल ने, सूचना दी कि नेत्रदानी परिवार पार्षद अविनाश जैसवाल की नानी हीराबाई के आकस्मिक निधन के बाद परिजनों ने नेत्रदान की इच्छा जताई है, पूर्व में हीराबाई के पति हजारीलाल का नेत्रदान भी संस्था की संयुक्त संपन्न हुआ था। जिस समय यह सूचना आयी, उस समय डॉ कुलवंत गौड़ घर पर लक्ष्मी पूजन करने वाले थे, परंतु इसी सूचना के साथ ही रावतभाटा से भी संस्था के ज्योति मित्र आशीष जैन ने सूचना दी की शहर के प्रमुख व्यापारी सत्यनारायण अग्रवाल की पत्नी कौशल्या अग्रवाल का आकस्मिक निधन हुआ है और परिजन उनके भी नेत्रदान करवाना चाहते हैं।

दिवाली के दिन विद्यालयों का निरीक्षण

कोटा, (निसं)। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने दिवाली की रात 20 अक्टूबर को शहर के विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया और सरकारी आदेशों के अनुसार विद्यालय में प्रकाश उत्सव की जगमगाहट का अवलोकन किया। शिक्षा मंत्री रात्रि 10.30 बजे अपने निवास रंगबाड़ी योजना से रवाना हुए सबसे पहले छावनी स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पहुंचे। विद्यालय में प्रकाश की झालर जगमगा रही थी। साफ-सफाई व्यवस्था से विद्यालय सुंदर नजर आ रहा था! विद्यालय का अवलोकन करने के बाद शिक्षा मंत्री नया नोहर पहुंचे। नए नोहरा विद्यालय में भी प्रकाश की शानदार व्यवस्था की गई थी और साथ ही दीपदान के दिए भी प्रकाशमान थे। नया नोहरा से शिक्षा मंत्री पूरे लावजमे के साथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवली अरब पहुंचे। देवली अरब में भी प्रकाश उत्सव से विद्यालय सुंदर नजर आ रहा था और अनेक छोटे-छोटे दीपक विद्यालय के मुख्य द्वार पर ही जगमगा रहे थे। मंत्री ने अवलोकन किया और उसके बाद शिक्षा मंत्री डीसीएम क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इंदिरा गांधी नगर पहुंचे। विद्यालय में प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। नहीं दीपक जलते हुए मिले। मंत्री मदन दिलावर ने काफिले में साथ चल रही मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कोटा शहर से पूछा की इस विद्यालय में लिए क्यों नहीं लगी? इसके बाद मंत्री मदन दिलावर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय विज्ञान नगर, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, महावीर नगर तृतीय तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महावीर नगर थर्ड में पहुंचे और विद्यालयों का अवलोकन किया। तीनों ही विद्यालय में प्रकाश व्यवस्था पर्याप्त की गई थी और दिवाली के दीपक भी जल रहे थे।

दिवाली पर रिकॉर्ड खरीददारी ने दिखाई भारतीय बाजार की ताकत

- ऊर्जा मंत्री नागर ने किया कनवास में गौ पूजन, बाजारों में की दिवाली की राम राम

कोटा, (निसं)। ऊर्जा मंत्री नागर ने मंगलवार को सांगोद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में दिवाली की रामा-श्यामी की। वे मोरू कलां, दरा, कनवास, धूलेट, लोढाहेड़ा होते हुए सांगोद पहुंचे। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कनवास में श्री कर्णेश्वर गौशाला में गौ पूजन किया। गायों को हरा चारा और गुड़ खिलाकर आशीर्वाद लिया।

इस दौरान मंत्री नागर का विभिन्न गांव में स्वागत किया गया। मंत्री नागर ने दुकानों पर जाकर स्वदेशी सामानों को खरीदने और बेचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सक्षम व्यक्ति को समाज के अंतिम छोर में पर खड़े व्यक्ति की चिंता करनी चाहिऐं। उन्होंने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव के रूप में पूरे देश को सौगात दी है। इसका लाभ उपभोक्ताओं के साथ व्यापारियों को भी मिल रहा है। आज देशभर में ऑटोमोबाइल समेत हर सेक्टर में रिकॉर्ड खरीददारी हुई है। यह भारतीय बाजार की ताकत है। व्यापारियों को जीएसटी का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का काम करना चाहिऐं। उन्होंने लोगों से लोकल फॉर वॉकल, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाने की अपील की। इस दौरान विशाल शर्मा, मंडल अध्यक्ष सत्यवान नागर, प्रधान जयवीर सिंह अमृतकुआं, उप प्रधान ओम नागर अडूसा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कौशल सोनी, मंडल प्रतिनिधि हरिमोहन शर्मा, सरपंच गोपाल गुर्जर, दुर्गालाल गुर्जर, सोनू गुर्जर, बाबूलाल खटाना, त्रिलोक विजय, नरेंद्र मोहन गौतम, महेंद्र शर्मा, मनोज शर्मा, ओम मेहता, हेमराज चौहान, कैलाश राठौर, अवतार बंजारा, बृजमोहन मेहता, राजेंद्र नागर, नरेंद्र केसोली, धनराज योगी समेत कई लोग मौजूद रहे।

विद्युत लाइन डालने से पूर्व लें पीडब्ल्यूडी से एनओसी-ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कनवास जाते हुए रास्ते में विद्युत लाईन डालने के काम को करते हुए कर्मचारियों को देखा तो काफिले को रुकवाकर उसका निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री नागर ने अधिकारियों को बुलाकर कहा कि लाईन डालने के लिए गाड़े जा रहे पोल सड़क की सीमा में ना लगाए जाएं। सड़क का जब भविष्य में विस्तार होगा तो पोल हटाने पड़ेंगे। ऐसी नौबत नहीं आनी चाहिए।

उन्होंने अधिकारियों को बुलाकर निर्देश दिया कि पोल सड़क की सीमा से बाहर गाड़े जाएं। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को भी सड़क की सीमा में खंभे ना लगाने देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे विद्युत लाईन डालने से पूर्व पीडब्ल्यूडी से एनओसी ली जाए। उल्लेखनीय है कि कनवास में 132 जीएसएस से 33 केवी जीएसएस पर लाईन भेजी जा रही है। जिसके लिए सड़क के समानांतर पोल गाड़े जा रहे हैं। ऐसे में, मंत्री नागर ने सड़क किनारे लगे पोल को दूर लगाने के निर्देश दिए।

नायब तहसीलदार ने किया औचक निरीक्षण

बज्जू, । प्रशासन ने समर्थन मूल्य खरीद पंजीकरण में गड़बडियों और किसानों द्वारा अधिक शुल्क वसूलने की शिकायतों पर कार्रवाई की है। बुधवार दोपहर को नायब तहसीलदार नितिन पुरोहित ने बज्जू स्थित ईमित्र केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। क्षेत्र में खरीफ फसल, मुख्य रूप से मूंगफली की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद होनी है। इसके लिए किसानों को राजफैड पोर्टल पर ईमित्र के माध्यम से पंजीकरण करवाना होता है। 18 अक्टूबर से शुरू हुई पंजीकरण प्रक्रिया सर्वर पर दबाव के कारण धीमी चल रही है। इस धीमी गति के कारण किसानों में पंजीकरण की होड़ लग गई, जिससे ईमित्र केंद्र संचालकों द्वारा मनमानी और अधिक राशि वसूलने की शिकायतें आम हो गईं। किसानों की शिकायतों के बाद नायब तहसीलदार नितिन पुरोहित ने ईमित्र केंद्रों पर रेट लिस्ट, पारदर्शी प्रक्रिया, फर्जी गिरदावरी और बंद ईमित्रों की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि फर्जी गिरदावरी, अधिक राशि वसूलने और ईमित्र बंद कर अन्यत्र काम करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गौशाला में किया गौपूजन, भील बस्ती में पदवेश बांटे

- परोपकार दिवस के रूप में मनाया बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा का जन्मदिन

बूंदी। राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक व पीसीसी सदस्य चर्मेश शर्मा के जन्म दिवस पर बुधवार को बूंदी में विभिन्न सेवा कार्य किये गये। कांठोस कार्यकर्ताओं को सामाजिक संगठनों से जुडे पदाधिकारी ने परोपकार दिवस के रूप में शर्मा का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर मीरा गेट जंगम की बगीची गौशाला में गौपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।संत गिरि महाराज ने गौपूजन किया।पं श्रवण शर्मा और पं शिवम तिवारी ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ गौ माता का पूजन करवाया।इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद देवराज गोचर,रोहित बैरागी,अर्जुन डाबोडिया, कार्यक्रम संयोजक पीयूष शर्मा गुल्लू, एनएसयूआई के पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर मीणा, सर्व ब्राह्मण महासभा युवाशाखा के अध्यक्ष विकास सनाढ्य, जिला महामंत्री मंथन पंचोली,स्वप्नेश शर्मा, शहर अध्यक्ष केशव त्रिवेदी, युवा कांठोस महासचिव अक्षत शर्मा, गोविंद दाधीच, राजन पालीवाल, आयुष शर्मा, शिवम शर्मा आदि ने गौमाता की आरती उतारी।

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की ओर से प्रदेश उपाध्यक्ष रहे चर्मेश शर्मा के जन्मदिवस पर बूंदी बाणगंगा भील बस्ती में बच्चों को पदवेश वितरित किये गये और पाठ्य सामठी बांटी। इस अवसर पर बूंदी एनएसयूआई शहर अध्यक्ष अमन राठौर, हारून खान,इस दौरान अशोक गुर्जर,सत्यम वैष्णव, जिब्रान खान,अमन गुर्जर, सिद्धार्थ गुर्जर, पवन कुमार, रवि गुर्जर, मोनू वैष्णव, विनोद चांदना, संदीप मेघवंशी, बाबूलाल पंचोली आदि मौजूद रहे। बुधवार प्रातः इससे पूर्व अमन राठौर के नेतृत्व में बहादुर सिंह सर्किल कायन हाउस में गौवंश को हरा चारा डाला गया। वहीं बुधवार को अपने जन्म दिवस पर गोवर्धन पूजा पर्व पर राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा मथुरा गोवर्धन की यात्रा पर रहे। शर्मा ने गोवर्धन तीर्थ पर पूजा अर्चना की। एनएसयूआई के शहर अध्यक्ष अमन राठौर ने बताया कि शर्मा के जन्म दिवस पर गुरुवार को भी विभिन्न सेवा कार्य किये जायेगे।

विशेष गाड़ी अब 26 को चलेगी

कोटा,(निसं)। पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं त्यौहारों के दौरान यात्रा व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए संचालित की जा रही हिसार-सोगरिया-हिसार त्यौहार विशेष रेलसेवा के संचालन कार्यक्रम में आवश्यक परिवर्तन किया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 04736 (सोगरिया-हिसार विशेष रेलसेवा), जो पूर्व निर्धारित तिथि 27 अक्टूबर 2025 (सोमवार) को संचालित होनी थी, अब 26 अक्टूबर 2025 (रविवार) को ही चलाई जाएगी। अतः 27 अक्टूबर को इस गाड़ी का संचालन रद्द माना जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा योजना इस परिवर्तन के अनुसार समायोजित करें। उल्लेखनीय है कि यह विशेष गाड़ी सोगरिया स्टेशन से रात्रि 22.10 बजे प्रस्थान कर मार्ग में केशोरायपाटन, लाखेरी, इंदरगढ़-सुमेरगंजमंडी एवं सवाई माधोपुर स्टेशनों पर ठहरते हुए अगले दिन प्रातः 11.05 बजे हिसार पहुंचेगी। यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में हिसार, सिवानी, सदुलपुर जंक्शन, रामपुरा बेरी, लोहारू, सूरजगढ़, चिरावा, रतनशहर, झुंझुनू, दून्दलोद-मुकुंदगढ़, नवलगढ़, सीकर जंक्शन, पलसाना, रींगस जंक्शन, चोमूं-सामोद, दहर का बालाजी, जयपुर जंक्शन, दुर्गापुरा, बनस्थली निवाई, इसारदा, चौथ का बरवाड़ा, सवाई माधोपुर जंक्शन, इंदरगढ़, लाखेरी एवं केशोरायपाटन स्टेशनों पर ठहराव लेकर अपने गंतव्य को पहुंचेगी। इस विशेष गाड़ी में कुल 16 आईसीएफ डिब्बे होंगे।

पुलिस शहीदों को शस्त्र और शीश झुका कर किया नमन

- पुलिस शहीदों को शस्त्र और शीश झुका कर किया नमन
- पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारियों व सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों ने दी श्रद्धांजलि
- शहीदों की स्मृति में पुलिस अधीक्षक सहित सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों ने किया वृक्षारोपण व रक्तदान

बूंदी। राष्ट्र के लिए कर्तव्य पर शहीद होने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए पुलिस परेड ग्राउंड में पुलिस शहीद दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस अधिकारियों व जवानों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा ने इस वर्ष शहीद हुए पुलिसकर्मियों के बारे में जानकारी दी । शहीदों को हथियार व शीश झुका कर शोक सलामी दी गई । उनके सम्मान में दो राउंड फायरिंग भी की गई। इस अवसर पर पुलिस बल द्वारा 8 यूनिट स्वेच्छिक रक्तदान किया।

शहीद दिवस पर बहादुर दिलों को ऐसे किया याद पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित शहीद दिवस समारोह में जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी श्री राजेन्द्र कुमार मीणा ने देश के सभी प्रान्तों, केन्द्र शासित प्रदेशों व अर्द्ध सैन्य बलों के विभिन्न संवर्ग के गत वर्ष शहीद हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पदनाम व उनके नाम का वाचन कर उन्हें याद कर सम्मान दिया गया। अपने कर्तव्य के प्रदर्शन में पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए बलिदान की गवाही के रूप में पुलिस परेड ग्राउंड में राईफल और टोप से बने स्मारक पर जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी ने पुष्प चक्र अर्पित कर वर्ष में शहीद हुए पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी।

संचित निरीक्षक बहादुर सिंह उ.नि. के नेतृत्व में पुलिस की सम्मान गार्ड द्वारा शस्त्रों को उलट शोक शस्त्र कर दिवंगत आत्माओं के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया। पुलिस बैंड कर्मियों ने लास्ट पोस्ट धुन बजाई। शहीदों के सम्मान में परेड में शामिल पुलिस कर्मियों द्वारा राईफल से दो-दो राउंड फायरिंग की गई।

कार्यक्रम में मौजूद सभी अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी शहीद हुए पुलिस कर्मियों को सलामी दी गई। आज से 66 वर्ष पूर्व 21 अक्टूबर के ही दिन 1959 में लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र में भारतीय पुलिस के जवानों ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये थे।

सार-समाचार

शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

कोटा, (निसं)। रिजर्व पुलिस लाईन, जिला कोटा शहर में आयोजित पुलिस शहीद दिवस कार्यक्रम में राजस्थान पुलिस सेवानिवृत कल्याण संस्थान, कोटा के जिलाध्यक्ष तेज राज सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों सेवानिवृत पुलिस एवं अन्य संवर्ग के कार्मिकों ने न केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराई अपितु इस वर्ष कर्तव्य के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी जांबाज पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कोटा रेंज के महानिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद गोयल एवं जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने शहीद जवानों को पुष्प चक्र अर्पित की और उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। संगठन के प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर अब्दुल मजीद मलिक कमांडो, प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार भार्गव, संगठन के जिला संरक्षक गोविंद सिंह बारहठ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद मीणा, उपाध्यक्ष भंवर सिंह हाड़ा तथा महासचिव के.के. शर्मा तथा राम दयाल नागर ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। एक संयुक्त वक्तव्य में इन्होंने कहा कि पुलिस की उपस्थिति मात्र से ही आमजन में एक स्थाई सुरक्षा की भावना जागृत होती है तथा कानून व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए जीवन समर्पित कर देना एक गौरवशाली परंपरा और कर्त्तव्य परायणता की शानदार मिसाल है जिस पर गर्व करना हर नागरिक का फर्ज है। कार्यक्रम के बाद इन अमर शहीदों की स्मृति में आयोजित पौधारोपण में भी संगठन ने सहभागिता निभाई। वहीं ग्रामीण पुलिस कि ओर से भी शहीद दिवस मनाया गया। पुलिस अधिकरियों और पुलिसकर्मियों ने शहीदों का श्रद्धांजलि अर्पित की।

दो दर्जन से अधिक स्थानों पर लगी आग

कोटा, (निसं)। दीपोत्सव पर्व के दौरान सोमवार व मंगलवार को शहर मे करीब दो दर्जन से अधिक स्थान जिसमें मकान, दुकान सहित कई स्थानों पर आग लगने की घटना सामने आई। आग की सूचना मिलते ही अग्निश्मन विभाग के कर्मचारी दमकल लेकर मौके पर पहुंचते और समय रहते आग पर काबू पा लिया जाता। सोमवार को भी करीब एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर आग लगने की घटना सामने आई थी, तो वही मंगलवार को भी देर रात तक आग पर काबू पाने के लिये दमकलें इधर से उधर दौड़ती रही। गनीमत रही कि आग लगने से कोई जनहानि की घटना सामने नही आई। अग्निश्मन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि सोमवार को तलवंडी इलाके में गैस पाईप लाइन में आग लगने की सूचना मिली, सूचना मिलते ही दमकल को मौके पर रवाना किया गया और समय रहते आग पर काबू पाकर सप्लाई बंद की गई। वही शहर में अन्य कई स्थान खाली प्लॉट की झाड़ियों, मकानों, एक मकान की छत पर प्लास्टिक व गत्तों में आग लगने की सूचना मिली, शगुन मैरिज गार्डन के समीप मकान में आग लगने की सूचना मिली, जहां आग की चपेट में आने से काफी सामान जल गया, वहीं केन्द्रीय कारागृह के समीप एक पेड़ में आग की सूचना मिलते ही दमकल मौके के लिये रवाना की गई और आग पर काबू पाया गया। पेड की बाउंड्री के पास पेट्रोल पंप था, गनीमत रही कि पेड़ पर लगी आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। अग्निश्मन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि मंगलवार को दीपोत्सव के दूसरे दिन भी कई स्थानों पर झाड़ियों व खाली पड़े प्लॉटो में आग लगने की सूचना मिली। राकेश व्यास ने बताया कि हाडा सर्किल के पास टापरियों मे आग की सूचना मिली, आर्यसमाज रोड़ स्थित दुकान में आग की सूचना मिली, दुकान में आग की सूचना मिलते ही दो दमकलें मौके पर भेजी गई और आग पर काबू पाया गया, इसके साथ ही कई स्थानो पर झाड़ियों में आग की सूचना पर दमकले मौके पर भेजकर आग पर समय रहते काबू पाया गया। शहर में आग की सूचना पर देर रात्रि तक दमकलें इधर से उधर दौड़ती रही।

गुर्जर समाज ने किया अपने पूर्वजों का श्राद्ध

कोटा, (निसं)। दिपावली के अवसर पर लोग खुशियाँ मनाते है वहीं गुर्जर समुदाय एक ऐसा समुदाय है जो कि दिपावली के पावन पर्व पर अपने पूर्वजों को याद करता है और सांठ भरकर उनको याद करता है। मीडिया प्रभारी अंकित गुर्जर ने बताया कि देशभर में गुर्जर समाज दिवाली के दिन सांठ भरने की परम्परा कई सालों से निभाते आ रहे हे। कोटा व कोटा के आसपास नयागांव, शिवपुरा, मानपुरा, छावनी, नयापुरा चम्बल किनारे और कोटा के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में तर्पण देकर पूर्वजों को याद किया। इस दिन समाज के लोग सामूहिक रूप से नदी तालाबों कुएं, बावड़ियों पर तर्पण करने जाते है। गुर्जर समाज के लोग दिपावली के एक दिन पहले सारी तैयारी कर लेते है और जो परिवार रोजगार के लिए शहरों में रहते है वह अपने-अपने गांव में परिवार सहित चले जाते है। इस परम्परा को गुर्जर समाज के पुरूष वर्ग चाहे वह सौ साल का वृद्ध हो या तीन साल का बच्चा हो वह अपने पूर्वजों को तर्पण देते है। गुर्जर समाज के लोग प्राचीन काल में खानाबदोश जीवन यापन करते थे। जंगलों में निवास करते थे, तो श्राद्ध पक्ष के समय घर में उपलब्ध नहो होते थे और श्राद्ध की परम्परा को निभा नहीं सकते थे। ऐसे में समाज को एक धारा में जोड़ने के लिए गुर्जर समाज के पूर्वजों द्वारा हजारो साल पहले निर्णय लिया कि दिवाली के दिन अमावस्या को सामूहिक रूप से अपने पूर्वजों को सांठ भरकर पानी में खड़े होकर उनको तर्पण करेंगे।

NAME CHANGE

I HAVE CHANGED MY NAME GULSHAN KUMAR TO GULSHAN KUMAR YADAV S/O GOPAL LAL YADAV FOR ALL FUTURE PURPOSES R/O PANCHMUKHI ROAD , BAZAR NO 1, NEAR NEHRU BAL VIDHYA MANDIR, RAMGANJMANDI, KOTA, RAJASTHAN

जनप्रतिनिधियों ने आमजन से मुलाकात कर दी दीपावली की शुभकामनाएं

बीकानेर, । खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने मंगलवार को सादुलगंज स्थित अपने आवास पर दिनभर आमजन से मुलाकात की और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी। गोदारा से बीकानेर शहर के अलावा लूणकरणसर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए लोगों ने मुलाकात की। मंत्री गोदारा ने सभी को बधाई दी और कहा कि दीपावली खुशियों और उमंगों का त्योहार है। यह जीवन में रोशनी लाने वाला महापर्व है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल पर पहली बार पूरे शहर को सजाया गया। देर रात तक लोगों ने बड़ी संख्या में पब्लिक पार्क और आसपास के क्षेत्र में इस सजावट को देखा और पूरे उत्साह के साथ त्योहार मनाया।

खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने मंगलवार को विधायक सेवा केन्द्र पर बीकानेर शहर सहित खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों से मुलाकात की। इस दौरान कोटा कृषि विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. विमला डूंकवाल भी मौजूद रही।

विधायक ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी और कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने जनहित के अनेक कार्य किए हैं। इनसे आमजन को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि सभी ने मिलजुल कर बीकानेर की परम्परा के अनुसार दीपों का त्यौहार मनाया और एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह स्नेह हमेशा बना रहे। इस दौरान अनेक विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों ने डॉ. डूंकवाल को कुलगुरु बनाए जाने की बधाई दी और बुके भेंट कर उनका अभिनंदन किया। विधायक ने सभी का मुंह मीठा करवाया और आमजन की समस्याएं सुनी।

कोलायत विधानसभा क्षेत्र विधायक अंशुमान सिंह भाटी से मंगलवार को अनेक लोगों ने मुलाकात की और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी, पूर्व सरपंच राम किसन आचार्य भी मौजूद रहे। विधायक से मिलने वालों में बीकानेर शहर के अलावा कोलायत विधानसभा क्षेत्र के लोग शामिल रहे। इस दौरान विधायक भाटी ने भी सभी को दीपों के महोत्सव की बधाई दी और कहा कि दीपावली का त्यौहार सभी के जीवन में प्रकाश लाए।

बीकानेर (पश्चिम) विधायक जन सेवा केंद्र में मंगलवार को दिनभर रामा-श्यामा का दौर चला। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने विधायक श्री जेठानंद व्यास को दीपावली की शुभकामनाएं दी। विधायक ने सभी का मुंह मीठा करवाया और पांच दिवसीय दीपोत्सव की बधाई दी। इस दौरान व्यास ने कहा कि विधायक सेवा केंद्र के माध्यम से आमजन की समस्याओं की सुनवाई तथा इनके निस्तारण की दिशा में सतत कार्य किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने विधायक से मुलाकात की।

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ !

नगर पालिका रामगंजमण्डी, जिला कोटा (राजस्थान)

"स्वच्छ, सुंदर, विकसित और आत्मनिर्भर रामगंजमण्डी - हमारा सपना, हमारा संकल्प"

नगर पालिका रामगंजमण्डी की प्रमुख योजनाएँ व सेवाओं का लाभ ले एवं सहयोग करें ।

1. प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) - सभी को पक्का मकान, सम्मान और सुरक्षा के साथ ।
2. स्वच्छ भारत मिशन (SBM) - हर गली, हर मोहल्ला, स्वच्छ और सुंदर ।
3. मुख्यमंत्री शहरी रोजगार योजना - काम का अवसर, आत्मनिर्भरता की दिशा ।
4. कचरा प्रबंधन योजना - घर-घर कचरा संग्रहण, गीले-सूखे कचरे का पृथक्करण ।
5. हरित रामगंजमण्डी अभियान - पौधारोपण व हरियाली से प्रदूषण पर रोक।
6. स्वास्थ्य एवं सफाई कार्यक्रम - मलेरिया, डेंगू और अन्य बीमारियों की रोकथाम ।
7. पालिथीन का उपयोग नहीं करे ।
8. जन्म मृत्यु एवं विवाह का पंजीयन समय कर करावें ।
9. शौच जाने हेतु शौचालय का उपयोग करें एवं शौचालयों को साफ सुथरा रखें ।
10. नगर पालिका का बकाया शुल्क समय पर जमा करें ।

स्वच्छता अपनाएँ
हरियाली बढ़ाएँ
सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएँ
नगर को विकास की ऊँचाइयों पर पहुँचाएँ

अखलेश मेड़तवाल
अध्यक्ष

तरुण लहरी
अधिशाषी अधिकारी

एवं समस्त पार्षदगण

नगरपालिका रामगंजमण्डी, जिला कोटा (राजस्थान)